संख्या-29/2021/458/सैंतीस-2-2021-1(49)/2017

प्रेषक,

मंजू लता,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनाँक-03 मार्च, 2021

विषयः- **चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में गोवंशीय पशुओं में वर्गीकृत वीर्य (सेक्स्ड सीमेन) के उपयोग की योजना (रा.यो.) के अन्तर्गत निर्गत वित्तीय स्वीकृति के शासनादेश में संशोधन किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-21/पशुधन-2/17(13)/2019-2020, दिनांक-18.02.2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में गोवंशीय पशुओं में वर्गीकृत वीर्य (सेक्स्ड सीमेन) के उपयोग की योजना (रा.यो.) के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-97/2020/1959/सैंतीस-2-2020-1(49)/2017, दिनांक-23.12.2020 द्वारा कुल रू0-1230.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त शासनादेश के पृष्ठांकन में बिन्दु संख्या-4 पर "सम्बन्धित मुख्य अथवा वरिष्ठ कोषाधिकारी" अंकित है। अतएव शासनादेश दिनांक-23.12.2020 के पृष्ठांकन में बिन्दु संख्या-4 पर अंकित "सम्बन्धित मुख्य अथवा वरिष्ठ कोषाधिकारी" के स्थान पर "मुख्य अथवा वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ" पढ़ा जाये।

2- शासनादेश दिनांक-23.12.2020 को उपरोक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये। उक्त शासनादेश में उल्लिखित अन्य शर्तें/प्रतिबन्ध यथावत् रहेंगे।

भवदीया,

(मंजू लता)
विशेष सचिव।

पृ0सं0-29/2021/458(1)/सैंतीस-2-2021- तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद, बादशाहबाग, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4. सम्बन्धित जिलाधिकारी/मुख्य पशु चिकित्साधिकारी।
5. मुख्य अथवा वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनु0-3 ।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार द्विवेदी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in